(केवल सरकारी प्रयोग हेतु)

सामान्य प्रशासनिक रिपोर्ट

2010-2011

योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार
शिमला-171002

विषय सूची

क्र0 सं0	विषय	पृष्ठ
1.	पृष्ठभूमि एवं परिचय	1
2.	योजना विभाग-स्टाफ स्थिति	1
3.	संगठनात्मक ढांचा	2
4.	राज्य योजना बोर्ड	3
5.	मुख्यालय	4
	(I) प्रशासन प्रभाग	4
	(II) योजना प्रारूपण प्रभाग	5-6
	(III) योजना कार्यान्वयन प्रभाग	6-8
	(IV) पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना प्रभाग	8-10
	(V) क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग	10-12
	(VI) जन शक्ति एवं रोजगार प्रभाग	12-13
	(VII) वाह्य सहायता परियोजना प्रभाग	13-17
	(VIII) नाबार्ड-ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि प्रभाग	18-22
	(IX) 20-सूत्रीय कार्यक्रम प्रभाग	22-23
	(X) रेलवे प्रभाग	23-24
	(XI) मूल्यांकन प्रभाग	24-25
	(XII) विधायक प्राथमिकता योजना प्रभाग	25
	(XIII) कम्पयूटर प्रभाग	25-26
6.	जिला कार्यालय	26
7.	सूचना का अधिकार नियम 2005	27-33

पृष्ठभूमि एवं परिचय

योजना विभाग का दायित्व योजना प्राथमिकताओं एवं सकल योजना परिव्यय का निर्धारित करना, विभिन्न घटकों/सेवाओं के लिए धनराशि चिन्हांकित करना तथा पंचवर्षीय और वार्षिक योजनाओं को तैयार करना है । इसके अतिरिक्त योजनाओं/परियोजनाओं का मूल्यांकन एवं अध्ययन करना, विकेन्द्रीकृत नीति को बढ़ावा देना, योजना स्कीमों की नियमित समीक्षा, वाह्य-सहायता प्राप्त परियोजनाओं का विशलेषण और आर.आई.डी.एफ. कार्य भी योजना विभाग द्वारा किये जा रहे हैं । योजना विभाग द्वारा जन-शक्ति एवं रोजगार सृजन, पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना 20-सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा, प्रदेश में रेल विस्तार, इत्यादि का कार्य भी किया जा रहा है ।

योजना विभाग-स्टाफ स्थिति

क0 सं0	पद नाम	स्वीकृत पद	भरे गए पद	रिक्त पद	पै-बैंड (₹ में)	ग्रेड- पे (₹ में)
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1.	उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड	1	-	1	*	*
2.	उपाध्यक्ष, 20-सूत्रीय कार्यक्रम	1	-	1	*	*
3.	सलाहकार (योजना)	1	1	-	37400 – 67000	8800
4.	संयुक्त निदेशक	1	-	1	15600 – 39100	7600
5.	उप-निदेशक	5	5	-	15600 – 39100	6600
6.	अनुसंधान अधिकारी/जिला योजना अधिकारी	20	16	4	10300 - 34800	5400
7.	साख योजना अधिकारी	10	10	-	10300 – 34800	5000
8	सहायक अनुसंधान अधिकारी	17	15	2	10300 – 34800	4200
9.	सांख्यिकीय सहायक	20	17	3	10300 – 34800	3800
10.	गणक	6	5	1	5910 – 20200	1900
11.	कार्यक्रम योजना अधिकारी	1	1	-	10300 – 34800	4200
12.	गणक संचालक	2	2	-	10300 – 34800	3600
13.	निजि सचिव	1	-	1	10300 – 34800	5000
14.	निजि सहायक	2	1	1	10300 – 34800	4200
15.	वरिष्ठ आशुलिपिक	1	1	-	10300 – 34800	3800
16.	कनिष्ठ आशुलिपिक	6	5	1	5910 – 20200	2800
17.	आशुटंकक	12	3	9	5910 – 20200	2000
18.	अधीक्षक	1	1	-	10300 – 34800	4200
19.	वरिष्ठ सहायक	20	20	-	10300 – 34800	3800
20.	कनिष्ठ सहायक	13	13	-	5910 – 20200	2800
21.	लिपिक	3	2	1	5910 – 20200	1900
22.	प्रतिलिपि यन्त्र चालक	1	1	-	4900 – 10680	1650
23.	चालक	3	3	-	5910 – 20200	2400
24.	चपड़ासी	20	20	-	4900 – 10680	1300
25.	चौकीदार	1	1	-	4900 – 10680	1300
26.	फराश	1	1	-	4900 – 10680	1300
27.	जमादार	1	1	-	4900 – 10680	1300
28.	सफाई कर्मचारी	1	1	-	4900 – 10680	1300
	कुल	**172**	**146**	**26**		

* : राज्य योजना बोर्ड तथा 20-सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्षों के वेतन व भत्तों के बारे में सरकार द्वारा उनके मनोनीत होने के समय पर निर्णय लिया जाता है ।

संगठनात्मक ढांचा

योजना विभाग के संगठनात्मक ढांचा का विववरण निम्न हैः-

1. राज्य योजना बोर्ड ।
2. मुख्यालय
3. जिला कार्यालय ।

1. राज्य योजना बोर्डः

सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों को मनोनीत करके राज्य योजना बोर्ड का गठन प्रदेश सरकार द्वारा 26 अगस्त, 2009 को किया गया है ।

I. राज्य योजना बोर्ड की संरचनाः

(i) अध्यक्ष-माननीय मुख्यमन्त्री

(ii) गैर-सरकारी सदस्य

1. समस्त केबिनेट मंत्री, हिमाचल प्रदेश ।
2. हिमाचल प्रदेश से सम्बन्धित समस्त सांसद (लोक सभा एवं राज्य सभा) - अलग से अधिसूचित ।
3. किसान, उद्योग एवं व्यापार, अनुसूचित जाति,जन-जाति, अन्य पिछ्ड़ा वर्ग एवं महिलाओं के एक-एक प्रतिनिधि - अलग से अधिसूचित ।
4. भूतपूर्व सांसद/विधायक एवं वर्तमान विधायक - अलग से अधिसूचित ।
5. सेवानिवृत मुख्य सचिव/सरकारी अधिकारी - अलग से अधिसूचित ।

(iii) सरकारी सदस्य

1. मुख्य सचिव
2. समस्त प्रशासनिक सचिव
3. हिमाचल प्रदेश में समस्त सरकारी विश्वविद्यालयों के उप-कुलपति

(iv) पदेन सदस्य (Ex Officio)

1. अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज
2. सी.जी.एम. नाबार्ड, शिमला

(v) सदस्य सचिव : सलाहकार (योजना)

II. नियुक्ति की शर्तेः सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाती हैं ।

III. योजना बोर्ड मुख्यालयः योजना बोर्ड का मुख्यालय शिमला है परन्तु इसकी बैठकें किसी भी स्थान पर अध्यक्ष की अनुमति से की जा सकती हैं ।

IV. योजना बोर्ड के कार्यः

- राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप प्रदेश की योजना प्राथमिकताओं का निर्धारण ।
- वित्तीय संसाधनों एवं जन-शक्ति की संगठनात्मक एवं संस्थापक योग्यताओं का आकलन ।
- प्रदेश में महत्वपूर्ण सैक्टर, जिलों, क्षेत्रों इत्यादि में विकास का आकलन ।
- प्रदेश के सीमित साधनों का समान एवं अधिकतम् उपयोग हेतु योजना तैयार करना राज्य सरकार को वार्षिक एवं पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने में सहायता करना तथा विभिन्न प्रक्रियों का परीक्षण करना ताकि राज्य के सामाजिक, आर्थिक विकास की अधिकतम सीमा प्राप्त की जा सके ।
- राज्य के सामाजिक आर्थिक विकास में रूकावट पैदा करने वाले कारणों की पहचान तथा राज्य की योजनाओं का सफलतापूर्वक कार्यन्वयन का निर्धारण ।
- प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान विकासात्मक असंतुलनों को दूर करने के लिए नीति निर्धारण तथा जिला एवं क्षेत्रीय योजनाओं के प्रारूपीकरण में सहायता करना ।
- योजना कार्यन्वयन की सामयिक समीक्षा तथा प्रदेश की नीति एवं कार्यक्रमों में सुधार के सुझाव ।
- चालू कार्यक्रमों की विवेचनात्मक समीक्षा तथा कार्यक्रमों के निरन्तरीकरण का सुझाव।
- बेराजगारी की समस्या के निदान के सम्बन्ध में राज्य सरकार को सलाह देना ।
- सरकार द्वारा बोर्ड को प्रेषित आर्थिक विकास के मामलों पर सलाह देना ।
- वर्तमान आर्थिक स्थिति एवं नीतियों का विशलेषण करना और प्रदेश के विकास के लिए विकासात्मक कार्यक्रमों के उपयुक्त कार्यन्वयन एवं सुधार के सम्बन्ध में उचित सुझाव देना ।
- योजना कार्यक्रमों से सम्बन्धित सूचना का एकत्रीकरण एवं विशलेषण करना ।
- सरकारी निगमों एवं बोर्ड की कार्य प्रणाली का परीक्षण तथा उनमें सुधार लाने के सुझाव देना ।
- जिला स्तर पर योजना स्कीमों के कार्यन्वयन में आने वाली कठिनाईयों का पता लगाना तथा इन कठिनाईयों के निराकरण एवं समाधान के उपाय सुझाना ।
- अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों एवं निगमों का मूल्यांकन करना ।

मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में 29 जनवरी, 2011 को राज्य योजना बोर्ड की बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में वार्षिक योजना 2011-12 के लिए रू0 3300.00 करोड़ के आकार को चर्चा उपरान्त अनुमोदित किया गया । योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा भी इस प्रस्तावित आकार को अनुमोदित किया गया है ।

2. मुख्यालयः

सरकारी नियमावली के अनुसार सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु योजना विभाग निम्नलिखित ढांचे के अनुसार कार्य कर रहा है :-

1.	सम्बन्धित मंत्री	मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश शिमला-2.
2.	प्रशासनिक सचिव	प्रधान सचिव (योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
3.	विभागाध्यक्ष	सलाहकार (योजना) हिमाचल प्रदेश, शिमला-2

सलाहकार (योजना), विभागाध्यक्ष हैं । योजना विभाग में विभिन्न प्रभाग जैसे कि योजना प्रारूपण, परियोजना प्रारूपण, योजना कार्यन्वयन, कम्पयूटरीकरण, मूल्यांकन, जनशक्ति एवं रोजगार, प्रशासन, क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन, पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना, रेलवे, 20-सूत्रीय कार्यक्रम तथा आर. आई.डी.एफ. कार्य कर रहे हैं । ये प्रभाग संयुक्त निदेशक/ उप-निदेशकों के नियन्त्रण में कार्य कर रहे हैं । उप-निदेशक सलाहकार (योजना) के नियंत्रण में कार्य करते हैं तथा कार्य निष्पादन के लिए सलाहकार (योजना) का सहयोग करते हैं । एक उप-निदेशक कार्यालय अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं । प्रभागानुसार उद्देश्य, कार्यक्रम, आबंटन, व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः-

I. प्रशासन प्रभागः

1 फरवरी, 2010 से संयुक्त निदेशक की पदोन्नति सलाहकार, योजना के रूप में होने के उपरान्त संयुक्त निदेशक का पद रिक्त है । उप-निदेशक, प्रशासन को 1.2.2010 से कार्यालय अध्यक्ष घोषित किया है। प्रशासन प्रभाग उप-निदेशक, प्रशासन की देख-रेख में कार्य करता है । इस प्रभाग में निम्न स्टाफ कार्यरत है :-

1.	आहरण एवं वितरण अधिकारी	1
2.	अधीक्षक	1
3.	वरिष्ठ सहायक	4
4.	कनिष्ठ सहायक	3
5.	लिपिक	2
6.	सन्देशवाहक	1
7.	चौकीदार	1
8.	फ्राश	1
	कुल :-	**14**

यह प्रभाग योजना विभाग की प्रशासनिक जरूरतों के अनुसार कार्य करता है । प्रभाग में मुख्य कार्य जैसे कि पदों का भरना, पदोन्नति, स्थानातरण, अधिकारियों / कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिर्पोट, स्थाईकरण, भण्डार, स्थापना, बजट, लेखा आपति, पीएसी, सीएजी इत्यादि कार्य किये जा रहे हैं। वर्ष के दौरान प्रभाग द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्य निष्पादित किए हैं ।

II. योजना प्रारूपण प्रभागः

योजना प्रारूपण प्रभाग द्वारा वर्ष 2010-2011 के दौरान किए गए कार्यों का विवरण निम्न प्रकार से हैः-

1. राज्य की वर्ष 2011-2012 का ड्रॉफ्ट योजना प्रारूप तैयार करना :

वार्षिक योजना 2011-2012 का ड्रॉफ्ट प्रारूप तैयार करने हेतु सम्बन्धित सभी विभागों /एजैन्सियों को दिशा-निर्देश जारी किए गये जिसके माध्यम से उन्हें अपने विभाग से सम्बन्धित विस्तृत वार्षिक योजना प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया ।

विभागीय प्रस्तावों की जांच पड़ताल करने तथा विभिन्न एजैन्सियों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने के पश्चात वार्षिक योजना 2011-12 का ड्रॉफ्ट प्रारूप तैयार करके कार्यसाधक समूह एवं योजना आयोग को उपाध्यक्ष, योजना आयोग एवं माननीय मुख्यमन्त्री महोदय के स्तर पर होने वाली बैठक के लिए प्रस्तुत किया गया ।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की वार्षिक योजना (2011-12) का आकार ₹ 3300.00 करोड़ प्रस्तावित किया गया था जिसे योजना आयोग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। सैक्टरवार विवरण निम्न प्रकार से हैं :-

(₹ करोड़ों में)

क्रम संख्या	**सैक्टर**	**वार्षिक योजना (2011-2012) परिव्यय**
1.	**2.**	**3.**
1.	कृषि एवं सम्बन्धित सेवाएं	393.97
2.	ग्रामीण विकास	236.25
3.	विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	12.97
4.	सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण	385.16
5.	ऊर्जा	461.60
6.	उद्योग एवं खनन	27.02
7.	संचार एवं परिवहन	625.66
8.	विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण	35.28
9.	सामान्य आर्थिक सेवाएं	73.22
10.	सामाजिक सेवाएं	990.49
11.	सामान्य सेवाएं	58.38
	कुल	**3300.00**

तत्पश्चात मांग/मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष/लघु शीर्ष/उप-लघु शीर्षवार परिव्यय तैयार करके वर्ष (2011-12) के योजना परिव्ययों को वित्त विभाग को बजट में सम्मिलित करने हेतु प्रेषित किया गया।

2. राज्य योजना बोर्ड :

मानानीय मुख्यमन्त्री महोदय की अध्यक्षता में राज्य योजना बोर्ड के साथ दिनांक 29 जनवरी, 2011 को बैठक का आयोजन किया गया व राज्य की आगामी वार्षिक योजना 2011-12 के लिए ₹ 3300.00 करोड़ का आकार को चर्चा उपरान्त अनुमोदित किया गया।

3. राज्य के प्राथमिकता वाले मुदे :

अत्याधिक महत्ता एवं प्राथमिकता वाले विभिन्न मन्त्रालयों में लम्बित पड़े, मुददों को निपटाने हेतु राज्य सरकार व भारत सरकार के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए योजना विभाग एक केन्द्रक विभाग है । वर्ष 2010-11 में तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, एवं सामान्य प्रशासन, इत्यादि से सम्बन्धित मामले भी विभिन्न मंत्रालओं से समय-समय पर उठाए गए ।

4. वार्षिक योजना (2010-11) के Disaggregated परिव्ययों को तैयार करना :

वार्षिक योजना (2010-11) के परिव्ययों को मुख्य/उप-मुख्य/लघु / उप लघु शीर्ष तथा स्कीमवार तैयार किया गया और जिला योजना कक्षों को जिला योजना विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठकों में अनुश्रवण हेतु भेजा गया।

5. विविधः

योजना विभाग ने 24 जुलाई, 2010 को नई दिल्ली में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) की मध्यावधि समीक्षा के लिए अयोजित राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक के लिए विभागों के साथ समन्वय किया । केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों की एक निर्देशिका तैयार की गई । इसके अतिरिक्त वार्षिक योजना (2010-11) के लिए महिलाओं से सम्बन्धित विषयों को तैयार करने के लिए विभागों के साथ पत्राचार किया गया ।

III. योजना कार्यान्वयन प्रभागः

योजना कार्यान्वयन प्रभाग को निम्न कार्य सौंपे गए हैंः-

योजना कार्यान्वयनः-

विधान सभा में बजट पारित होने के उपरान्त योजना बजट की कार्यान्वयन प्रक्रिया निम्न प्रस्तावों के आधार पर शुरू की गईः-

1. यह प्रभाग विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों की आवश्यकता, योजना में प्राथमिकता को समक्ष रखते हुए विचलन या पुनर्विनियोजन करता है ।

2. आधिक्य प्रस्तावों को किसी अन्य मद जिस में व्यय की सम्भावनाएं कम हों या कोई परियोजना जिसकी चालू वर्ष में चलने की सम्भावना न हो तथा सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुऐ उसमें से कटौती करके पूरा किया जाता है ।
3. आधिक्य के प्रस्तावों के सन्दर्भ में विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकें भी आयोजित की गईं तथा तत्काल ऐसे प्रकरण निपटाए गए ।
4. विभागों से चिन्हांकित/गैर चिन्हांकित विकास शीर्षो में फेरबदल के प्रस्ताव मंगवाए गए और संशोधित योजना परिव्यय की स्वीकृति योजना आयोग, भारत सरकार से प्राप्त की गई । योजना आयोग, भारत सरकार ने वार्षिक योजना 2010-11 के योजना आकार ₹ 3000.00 करोड़ को अनुमोदित किया है ।
5. इस वित्तीय वर्ष में विभिन्न प्रशासनिक विभागों से 160 संन्दर्भ परामर्श हेतू प्राप्त हुए जिसके परीक्षणोपरान्त उचित अभिमत विभागों को प्रदान किए गए ।
6. बजट के अनुरुप योजना के सुचारु कार्यान्वयन हेतु सम्पूर्ण योजना को बजट के साथ कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से जोडा गया।

1. <u>त्रैमासिक आधार पर योजना कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षाः</u>

इस प्रभाग को वार्षिक योजना के विभिन्न विकास शीर्षो के अन्तर्गत योजना व अन्य कार्यक्रमों की वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों की समीक्षा का कार्य सौंपा गया है । वर्ष 2010-11 में योजना धनराशि के व्यय के लिए निम्न मापदण्डों को निर्धारित किया गया :-

कम संख्या	**तिमाही**	**व्यय प्रतिशतता**
1	प्रथम तिमाही	20
2	द्वितीय तिमाही	25
3	तृतीय तिमाही	30
4	चतुर्थ तिमाही	25
	कुल :	**100**

भारत सरकार, वित्त मन्त्रालय से राज्य की वार्षिक योजना (2010-11) की केन्द्रीय सहायता धनराशि की निर्मुक्ति शीघ्र करवाने के लिए संशोधित योजना परिव्यय वित्त पोषण स्कीम सहित, 31 दिसम्बर, 2010 तक योजना व्यय और वार्षिक योजना 2009-10 के अन्तिम पुष्ट व्यय आंकड़े वित्त मन्त्रालय और योजना आयोग, भारत सरकार को भेज दिए गए हैं ।

वर्ष 2010-11 में समस्त कार्यान्वयन विभागों के साथ योजना समीक्षा बैठकों का निम्नानुसार आयोजन किया गया (फरवरी, 2011 तक):-

1. दिनांक 29 जुलाई, 2010 को मुख्य सचिव हि0 प्र0 सरकार की अध्यक्षता में 30 जून, 2010 को समाप्त प्रथम त्रैमासिक समीक्षा बैठक ।
2. दिनांक 25 अक्तुबर, 2010 को मुख्य सचिव हि0 प्र0 सरकार की अध्यक्षता में 30 सितम्बर, 2010 को समाप्त द्वितीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक ।
3. दिनांक 15 जनवरी, 2011 को मुख्य सचिव हि0 प्र0 सरकार की अध्यक्षता में 31 दिसम्बर, 2010 को समाप्त तृतीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक ।

2. त्रैमासिक बजट आबंटन :

सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार वर्ष 1999-2000 से नई बजट आवंटन प्रणाली को आरम्भ किया गया है । वर्ष 2010-11 में इस प्रणाली के तहत सभी विभागों को तिमाहीवार प्राधिकृत योजना बजट भेजा गया तथा इसके आधार पर व्यय सूचना एकत्रित की गई ।

3. बजट आश्वासन :

बजट भाषण के अनुरुप बजट आश्वासनों के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु मासिक बैठकों का आयोजन किया जाता है । वर्ष 2010-11 के बजट आश्वासनों की सूचना सम्बन्धित विभागों से एकत्रित की गई तथा मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में हुई बैठक में समस्त विभागों को बजट आश्वासनों के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिये गए ।

4. केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं :

राज्य की अर्थव्यवस्था तथा राज्य के संसाधनों को बढ़ाने में केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों का महत्वपूर्ण स्थान है । वर्तमान में शत-प्रतिशत एवं कुछ केन्द्रीय एवं राज्य भाग पर आधारित केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं ।

इस प्रभाग द्वारा वर्ष 2010-11 के दौरान केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों के सम्बन्ध में निम्न अनुसार कार्य किए गए :-

1. केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों के तहत विभिन्न कार्यकारी विभागों को इन स्कीमों के कार्यान्वयन एवं वित्तीय पोषण हेतु परामर्श दिए गए ।
2. केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से समन्वय कार्य जारी रखा गया ।

5. ऐड मैमोयर :

इस संकलन में प्रदेश सरकार के भारत सरकार में लम्बित मामलों को पत्राचार सहित शामिल किया जाता है। वर्ष 2010-11 में दो दस्तावेजों का संकलन कर माननीय सांसदों एवं भारत सरकार में हिमाचल प्रदेश कैडर के अधिकारियों को भिजवाया गया है ।

IV. पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना प्रभागः

प्रदेश सरकार द्वारा विकास में विद्यमान सूक्ष्म एवं क्षेत्रीय विषमताओं की पहचान एवं उनको दूर करने के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप योजना की परिकल्पना को विकसित किया गया । प्रदेश सरकार द्वारा 1995-96 के दौरान माननीय मुख्य मंत्री के बजट भाषण के अनुरूप पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए एक व्यापक नीति तैयार की गई जोकि तब से हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही है । नीति की मुख्य विशेषताएं निम्न प्रकार से हैं:-

(क) पिछड़ा क्षेत्र उप योजना में पिछड़ा घोषित क्षेत्रों को निम्न तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया :–

(i) **पिछडे घोषित विकास खण्ड** : ऐसे सभी विकास खण्ड जिनमें 50 प्रतिशत या इससे अधिक पंचायते पिछड़ी घोषित हों, को पिछड़े विकास खण्ड घोषित किए गए हैं । वर्तमान में प्रदेश में कुल आठ विकास खण्ड पिछड़े घोषित हैं जिनमें कुल 304 पिछड़ी पंचायतें आती हैं ।

(ii) **कंटीगुअस पंचायतें** : ऐसी सभी पांच या पांच से अधिक पिछड़ी घोषित पंचायतें जिनके भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरे से मिलते हों को पिछड़ी पंचायतों के समूह घोषित किए गए । प्रदेश में कुल 15 पिछड़ी पंचायतों के समूह घोषित हैं जिनमें कुल 133 पिछड़ी पंचायतें आती हैं ।

(iii) **बिखरी पंचायतें** : जिन पिछड़ी घोषित पंचायतों का भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरी पिछड़ी पंचायत से नहीं लगता हो अथवा पिछड़ी पंचायतों का समूह पांच पंचायतों से कम हो ऐसी पंचायतों को बिखरी पंचायतें घोषित की गई । प्रदेश में कुल 114 बिखरी हुई पिछड़ी पंचायतें हैं ।

(ख) चयनित 13 विकास शीर्षो के कुल परिव्यय का 15 प्रतिशत भाग पिछड़ा क्षेत्र उप योजना के लिए चिन्हांकित किया जाता है ।

(ग) लाभार्थी एवं क्षेत्र मूलक, दोनों प्रकार की, योजनाओं को अपनाया गया है ।

(घ) जिलों को पिछड़ा क्षेत्र उप योजना के अन्तर्गत बजट आवंटन, जिले में विद्यमान कुल पिछड़ी पंचायतों के अनुपात मे किया जाता है ।

(ङ) उप योजना का प्रबन्धन, जिला योजना, विकास एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति के अनुमोदन पश्चात, उपायुक्तों के माध्यम से किया जाता है । उपायुक्तों एवं जिला योजना अधिकारियों को क्रमशः नियंत्रण तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी घोषित किया गया है ।

प्रदेश में कुल 551 पंचायतें पिछड़ी घोषित की जा चुकी हैं । उप योजना के अलग बजट प्रबन्धन के लिए नई मांग संख्या–15 योजना एवं पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना सरकार द्वारा सृजित की गई है । वर्ष 2010–11 के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के अन्तर्गत ₹ 6300.00 लाख का बजट प्रावधान योजना में तथा ₹ 3396.59 लाख गैर–योजना में था । वर्ष 2011–12 के लिए ₹ 2000.00 लाख का बजट प्रावधान योजना तथा ₹ 3736.25 लाख गैर–योजना में प्रस्तावित है । पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना एक गतिशील प्रक्रिया है तथा सुधार के लिए हमेशा उदार है । उप योजना में काफी लचीलापन है तथा विभिन्न क्षेत्रीय एवं जिलों की स्थानीय आवश्यकताओं की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है । आर्थिक एवं सामाजिक परिवेश के बदलते स्वरूप के मध्यनजर योजना विभाग द्वारा पंचायतों को पिछड़ा घोषित करने बारे मानकों में परिवर्तन करने बारे प्रयास जारी हैं ।

जिलावार पिछड़ी पंचायतों की संख्या तथा वर्ष 2010-11 के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना परिव्यय का विवरण निम्न प्रकार से है :-

(₹ लाखों में)

क्रम संख्या	जिला	पिछड़ी घोषित पंचायतों की संख्या	पिछड़ा क्षेत्र उप योजना 2010-11 परिव्यय			
			योजना	परिव्यय	गैर-योजना	परिव्यय
1	2	3	4	5	6	7
1	बिलासपुर	15	171.51	171.51	92.47	92.47
2	चम्बा	159	1817.97	1817.97	980.14	980.14
3	हमीरपुर	13	148.64	148.64	80.14	80.14
4	काँगड़ा	17	194.37	194.37	104.79	104.79
5	कुल्लू	79	903.27	903.27	486.99	486.99
6	मण्डी	149	1703.63	1703.63	918.50	918.50
7	शिमला	83	949.00	949.00	511.65	511.65
8	सिरमौर	26	297.28	297.28	160.27	160.27
9	सोलन	7	80.03	80.03	43.15	43.15
10	ऊना	3	34.30	34.30	18.49	18.49
	योग	551	6300.00	6300.00	3396.59	3396.59

पिछडा क्षेत्र उप योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण कार्य जैसे कि बजट आवंटन, उप-योजना की समीक्षा एवं प्रोबोधन, ए.जी./ सी.ए.जी., विधान सभा, इत्यादि से सम्बन्धित कार्य वर्ष 2010-11 के दौरान पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना प्रभाग द्वारा निष्पादित किये गये ।

V. क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभागः

राज्य स्तर से विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रमों का संचालन तथा मॉनिटरिंग करने के लिए इस प्रभाग की स्थापना की गई है। विभिन्न विकेन्द्रीयकृत नियोजन कार्यक्रमों के संदर्भ में किए गए क्रिया-क्लापों का विवरण निम्न प्रकार से है :-

1. विकास में जन सहयोग कार्यक्रम :

स्थानीय स्तर पर विकास प्रक्रिया में अधारभूत ढांचे की प्रतिपूर्ति तथा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने व सरकारी प्रयत्नों एवं संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 1991-92 में विकास में जन सहयोग कार्यक्रम आरम्भ किया गया था। इस कार्यक्रम में लोगों की भागीदारी पूरी तरह से स्वैच्छिक है तथा नकद सामुदायिक भागीदारी को सम्बन्धित उपायुक्तों के नाम से बैंक / डाकघरों में खोले गए खातों में जमा किया जाता है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 10.00 लाख रूपए कार्य लागत तक की कार्य योजनाओं को उपायुक्तों द्वारा, 20.00 लाख रूपए तक की कार्य योजनाओं को योजना निदेशालय, 40.00 लाख रूपए से अधिक की योजनाओं को वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत करने की वित्तीय सीमा निर्धारित की गई है । वर्ष 2010-11 के दौरान 1600.00 लाख

रूपए की धनराशि उपायुक्तों को उनके स्तर पर कार्य स्वीकृतियां (किन्नौर और लाहौल-स्पिति जिलों को छोड़कर) जारी करने के लिए प्रदान की गई ।

2. क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत नियोजन :

विकेन्द्रीकृत योजना का कार्यान्वयन वर्ष 1993-94 से प्रदेश में आरम्भ किया गया। अन्तर क्षेत्रीय सन्तुलित विकास करवाने के लिए निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार योजना विभाग द्वारा जिलों को स्वीकृत बजट से धनराशि का आवंटन वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार 60 प्रतिशत जिला की जनसंख्या तथा 40 प्रतिशत जिला के भौगोलिक क्षेत्रफल के आधार पर किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत मुख्यतः स्थानीय आवश्यकता की स्कीमों व बजट में महत्वपूर्ण मिसिंग लिंक्स इत्यादि का कार्यन्वयन किया जाता है। वर्ष 2010-11 के दौरान 3485.88 लाख रूपए की धनराशि समस्त उपायुक्तों (किन्नौर और लाहौल स्पिति जिलों को छोड़कर) को उनके स्तर पर स्वीकृतियों जारी करने के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

3. विधायक क्षेत्र विकास निधि योजनाः

विकेन्द्रीकृत नियोजन के सुदृढ़ीकरण करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1999-2000 के दौरान विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना कार्यक्रम का आरम्भ किया गया था लेकिन वर्ष 2001-02 में इस स्कीम को समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2003-04 से पुनः इस योजना को शुरू किया गया है तथा ₹ 24.00 लाख की धनराशि प्रत्येक विधायक को उनके अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में विकास कार्यों को करवाने हेतु आबंटित की गई थी। माननीय विधायकों द्वारा इस योजना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के परिणामस्वरूप इसका कार्यान्वयन एवं समीक्षा अधिक प्रभावी एवं व्यापक हुई है। इस योजना के कार्यान्वयन से प्रदेश के सभी क्षेत्रों का राजनैतिक सम्बद्धता का विचार किए बिना सन्तुलित विकास हुआ है तथा सभी विधायक एक समान व्यवहार प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2010-11 में इस योजना के अन्तर्गत ₹ 1956.12 लाख की धनराशि गैर जन जातीय जिलों को विभागीय कार्यो के कार्यन्वयन हेतु मु0 ₹ 30.00 लाख प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में उपलब्ध करवाई गई है। इस ₹ 30.00 लाख की धनराशि में से ₹ 5.00 लाख की धनराशि माननीय विधायकों की अनुशंसानुसार मुख्य मन्त्री ग्राम पथ योजना के दिशा-निर्देशों अनुसार कार्यों के कार्यान्वयन हेतु खर्च की जाएगी।

4. मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजनाः

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ने के अतिरिक्त गांवो के कच्चे रास्तों को भी पक्का करने के उद्देश्य से मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजना वर्ष 2002-2003 में 10 गैर जनजातिय जिलों में प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में 2 कि0 मी0 लम्बी जीप योग्य/ ट्रैक्टर योग्य सड़को का भी निर्माण किया जाता है। वर्ष 2004-05 में इस योजना को बन्द कर दिया गया था। चालू वित्तीय वर्ष 2008-09 में इस योजना को पुनः आरम्भ किया गया है। वर्ष 2010-11 के लिए ₹ 1000.00 लाख की बजट धनराशि प्रावधित की गई है तथा सम्पूर्ण धनराशि गैर जनजातीय जिलों के उपायुक्तों को कार्यो के कार्यन्वयन हेतु जारी की जा चुकी है।

5. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनाः

वर्ष 1993-94 से सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना को प्रदेश में आरम्भ किया गया है । इस योजना के अन्तर्गत माननीय सांसद सदस्यों द्वारा अपने - अपने निर्वाचन क्षेत्रों के पूंजीगत छोटे-छोटे कार्यो क्रमशः पेयजल, प्राथमिक शिक्षा, जन स्वास्थ्य और सड़कों इत्यादि को करने की अनुशंशा की जाती है। कार्यो की स्वीकृतियां उपायुक्तों द्वारा प्रदान की जाती है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक संसद सदस्य को वर्ष 1993-94 से 5.00 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की जाती थी जिसे वर्ष 1994-95 में बढ़ाकर 1.00 करोड़ रूपये कर दिया गया था । वर्ष 1998-99 से इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ₹ 2.00 करोड़ की धनराशि प्रत्येक संसद सदस्य को प्रदान की जाती है ।

6. जिला इनोवेटिव फण्डः

13वें वित्तायोग की सिफारिशों के अनुरूप भारत सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 के दौरान District Innovative Fund (DIF) का शुभारम्भ किया गया है । क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग द्वारा भारत सरकार के आदेशानुसार इस कार्यक्रम के दिशा-निर्देश तैयार किए जा चुके हैं जिन्हें सभी उपायुक्तों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। राज्य स्तर पर योजना विभाग District Innovative Fund (DIF) के कार्यान्वयन के लिए नोडल ऑफिस घोषित किया गया है । जिला स्तर पर उपायुक्तों के माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा । इस योजना के तहत 12 जिलों को प्रतिवर्ष प्रति जिला ₹ 1.00 करोड़ आवंटित वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक आवंटित किए जाएंगे । भारत सरकार द्वारा इस योजना के तहत प्रदेश के लिए वर्ष 2011-12 में प्रथम किशत जारी की जाएगी । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए योजना की अनुमानित लागत की 90 प्रतिशत धनराशि District Innovative Fund (DIF) से प्रदान की जाएगी तथा शेष 10 प्रतिशत राशि लाभार्थी / संगठन / जन-समुदाय द्वारा सम्बन्धित उपायुक्त के पास योजना स्वीकृत होने से पूर्व जमा करवानी होगी । मुख्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग द्वारा किया जा रहा है ।

VI. जनशक्ति एवं रोजगार प्रभागः

जनशक्ति एवं रोजगार प्रभाग को निम्न प्रमुख कार्य सौंपे गये हैं :-

(i) जनशक्ति की तथ्य पुस्तिका तैयार करनाः

इस पुस्तिका की सांख्यिकीय तालिकाओं में जनसंख्या, श्रम शक्ति, रोजगार, बेरोजगारी, प्रशिक्षण संस्थान, जिनका सीधा सम्बन्ध प्रशिक्षण तथा रोजगार से है, सूचना का संकलन किया जाता है । इस पुस्तिका को नियमित रूप से प्रकाशित किया जाता है जिसके लिए अनुवर्ती कार्रवाई एवं पुनःनिरीक्षण आवश्यक है। इस तथ्य पुस्तिका के तीन भाग हैं । भाग एक में जनसंख्या के लक्षणों की विस्तृत जानकारी तथा इसकी प्रक्षिप्त वार्षिक वृद्धि और राज्य में श्रम शक्ति की रचना । भाग दो में निजि एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में रोजगार से सम्बन्धित सांख्यकीय तालिकायें तथा रोजगार कार्यालयों में चालू रजिस्टर में प्रार्थियों की सख्या तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता दर्शाई जाती है । भाग तीन में राज्य में उपलब्ध शिक्षा एवं प्रशिक्षण सुविधाओं बारे जानकारी दी जाती है जैसे कि राज्य में संस्थानों की संख्या, अध्यापक, नामांकन, अर्न्तग्रहण (Intake) तथा बाहयार्पण (Outturn) ।

(ii) ई.एम.आई. कार्यक्रम तथा उपलब्ध आंकडों के आधार पर रिपोर्टः

ई.एम.आई. कार्यक्रम के अन्तर्गत संगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन के त्वरित अनुमानों पर तिमाहीवार रिपोर्ट तैयार करने का कार्य वर्ष 1988 से आरम्भ किया गया है । संगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन के त्वरित अनुमानों के वर्ष 2009-10 की तिमाहीवार सूचना शीघ्र ही प्रकाशित कर दी जाएगी ।

(iii) राज्य सरकार की रोजगार योजनाः

राज्य सरकार की रोजगार योजना के लिये अनुश्रवण एवं समीक्षा नीति :

योजना विभाग रोजगार सृजन से सम्बन्धित सूचना मासिक आधार पर समस्त सम्बन्धित विभागों से एकत्रित करता है । राज्य सरकार ने रोजगार योजना के अन्तर्गत त्रिमुखी रोजगार नीति अपनाई है जिसके अन्तर्गत (1) सरकारी क्षेत्र में रोजगार (2) संगठित तथा स्वरोजगार क्षेत्र में रोजगार और (3) मजदूरी घटक रोजगार सृजन को राज्य सरकार की रोजगार नीति माना गया है। रोजगार सृजन की वित्तीय एवं भौतिक उपलब्ध्यिों की समीक्षा मासिक स्तर पर नियमित रूप से की जाती है । विभागों से यह अनुरोध किया गया है कि वे लक्ष्यों के विरूद्व उपलब्धियाँ प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

(iv) दक्षता उन्नयन (Skill Development)

दक्षता उन्नयन के कार्य का समन्वय योजना विभाग द्वारा किया जा रहा है । दक्षता उन्नयन से सम्बन्धित compendium एवं राज्य सरकार का Action Plan तैयार किया जा रहा है । 6 जून, 2009 को मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, की अध्यक्षता में गठित राज्य दक्षता उन्नयन मिशन (State Level Skill Development Mission) की बैठकें नियमित रूप से की जा रही है ।

VII. बाह्य-सहायता परियोजना प्रभागः

(1) प्रशासनिक उपयुक्तता लाने के लिए योजना विभाग के वाह्य-सहायता परियोजना प्रभाग को परियोजनाओं के विश्लेषण का कार्य दिया गया है । जिसके लिए अनुशासित एंव तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाना पड़ता हैं । योजना विभाग के इस कक्ष का मुख्य कार्य राज्य के परियोजना प्रस्तावों को बाह्य सहायतार्थ प्राधिकरणों, निजि निवेशकर्ताओं व केन्द्रीय सरकार को वितीय प्रबन्ध के लिए प्रेषित किये जाने से पूर्व उनका तकनीकी, प्रशासकीय एंव वित्तीय पहलुओं के दृष्टिगत राज्य के आर्थिक संसाधनों को देखते हुए विस्तृत विश्लेषण करना है । उपरोक्त के अतिरिक्त यह प्रभाग सभी बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा एंव अनुश्रवण करता है । यह प्रभाग सहायता प्रदान करने वाली विभिन्न एजेंसियों के साथ परियोजनाओं के चिन्हांकन तथा समीक्षा हेतु सीधे पत्राचार करता है । प्रधान सचिव, योजना, हि0प्र0 सरकार को प्रदेश की सभी बाह्य-सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

(2) प्रभाग द्वारा वर्ष 2010-11 के दौरान किए गये कार्यों का विवरणः

1. राज्य में बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं के वार्षिक वितीय एंव भौतिक लक्ष्यों की परिदृष्टि में त्रैमासिक समीक्षा करना ।
2. केन्द्र से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता की समीक्षा करना तथा व्यय के विरुद्व दायर प्रतिपूर्ति दावों को आर्थिक कार्य विभाग, वित मन्त्रालय, भारत सरकार से निमुर्क्त करवाने के लिए एक कड़ी का कार्य करना ।
3. विभिन्न विभागों के परियोजना प्रस्ताव प्रेषित करने के सन्दर्भ में परामर्श देना ।
4. योजना आयोग, भारत सरकार के बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं से सम्बन्धित सब ग्रुप की मीटिंग के लिए वार्षिक योजना 2011-12 के लिए प्रपोजल तैयार करना ।

(3) अन्य कार्यः

इस प्रभाग द्वारा वर्ष 2010-11 के दौरान निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय वितीय संस्थानों से नई परियोजनाओं को स्वीकृत करवाने हेतू समन्वय किया गयाः-

1. विश्व बैंक ।
2. एशियन विकास बैंक (ए.डी.बी.)
3. जापान बैंक फार इन्टरनेशनल कोपरेशन (जे.बी.आई.सी.)।
4. जर्मन संघीय गणतन्त्र (एफ. आर. जी. व के. एफ. डब्लयू.) ।

उपरोक्त संस्थानों से प्राप्त मार्गदर्शिकाओं को, परियोजना प्रस्ताव आमन्त्रित करने के लिए, सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया तथा उनसे यह आग्रह किया गया कि वे राज्य की प्राथमिकताओं को देखते हुये परियोजना प्रस्ताव बनाऐं । योजना विभाग में विभिन्न विभागों से प्राप्त इन परियोजना प्रस्तावों को तकनीकी, प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक, वितीय मापदण्डों के दृष्टिगत विश्लेषण किया गया तथा अनुमोदनोपरान्त सभी परियोजना प्रस्ताव सम्बन्धित विभागों को इस सलाह के साथ लौटाए गये कि वे प्रस्तावों को अपने सम्बन्धित मन्त्रालयों के माध्यम से आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मन्त्रालय, भारत सरकार के माध्यम से सम्बन्धित वित्त प्राधिकरणों के साथ वित्तीय सहयोग के लिए उठाये ।

(4) वित्तीय वर्ष 2011-12 में निम्नलिखित नई बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं क्रियान्वित की जानी प्रस्तावित हैः-

I. विश्व बैंक सहायता प्राप्त ईनफरास्ट्रक्चर डिवैलपमैंट इन्वैसटमैंट प्रोग्राम फार टूरिज्म इन हि0प्र0-अनुमानित लागत ₹ 428.22करोड़ (यू0एस0 $ 95.16 मिलियन) ।

II. जे0आई0सी0ए0 (JICA) सहायता प्राप्त हि0प्र0 फसल विविधिकरण प्रमोशन प्रोजैक्ट - अनुमानित लागत ₹ 321.00 करोड़ ।

III. विश्व बैंक सहायता प्राप्त पर्यावरणीय सत्त जीविका हेतु विकास योजना - अनुमानित लागत ₹ 900.00 करोड़ (यू0एस0 $ 200.00 मिलियन) ।

(5) वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा हेतु की बैठकों का ब्यौरा :-

क्रम संख्या	बैठक का नाम	बैठक की तिथि एवं स्थान	बैठक की अध्यक्षता
1.	2.	3.	4.
1.	Review meeting of ongoing EAPs.	6-4-2010 शिमला-2	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
2.	Review meeting of Gravitiy Drinking Water Supply Project for Shimla Town from Pabbar River.	02-06-2010 शिमला-2	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
3.	Meeting to discuss Integeted Approach for Optimal Utilization of Resources for Watershed Development Programme.	16-09-2010 शिमला-2	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
4.	Regarding availing External Assistance under Indo-German Bilateral Development Cooperation Programme.	12-10-2010 शिमला-2	प्रधान सचिव, (योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार ।
5.	Plan Performance Review Meeting.	15-1-2011 शिमला-2	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।

(6) हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित किए जा रहे बाह्य सहायता प्राप्त एवं विचाराधीन बाह्य सहायता परियोजनाओं की सूचना क्रमशः अनुबन्ध **"अ" एवं "ब"** पर है ।

(7) **पहाड़ी राज्यों की समस्याओं का मुद्दाः**

बाह्य सहायता परियोजना प्रभाग द्वारा पहाड़ी राज्यों की समस्याओं के सम्बन्ध में भारत सरकार से पत्राचार किया गया है । अक्तुबर, 2009 में उत्तर-पश्चिमी पवर्तीय राज्यों (हिमाचल प्रदेश, उतराखण्ड एवं जम्मू-कशमीर) द्वारा तैयार एवं भारत सरकार को प्रेषित संयुक्त आधार पत्र (Common Base Paper) पुनः माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से फरवरी, 2010 में माननीय प्रधान मन्त्री, वित्त मन्त्री, गृह मन्त्री एवं उपाध्यक्ष योजना आयोग, भारत सरकार को पहाड़ी राज्यों की समस्याओं के निदान के लिए व्यापक नीति तैयार करने के लिए प्रेषित किया गया । इसके अतिरिक्त योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा श्री जी0बी0 मुखर्जी की अध्यक्षता में पहाड़ी राज्यों की समस्याओं की पहचान एवं समाधान के लिए गठित टास्क फोर्स की सिफारिशों पर राज्य सरकार के अभिमत का अनुमोदन दिनांक 10-2-2011 की मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में किया गया । टास्क फोर्स की सिफारिशों पर प्रदेश सरकार के अनुमोदित अभिमत फरवरी, 2011 में माननीय उपाध्यक्ष, योजना आयोग, भारत सरकार को माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश के अर्ध शासकीय पत्र द्वारा प्रेषित किए गए ।

अनुबन्ध–"अ"

हि०प्र० में क्रियान्वित की जा रही बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की वित्तीय प्रगति (31-03-2011 तक)

(₹ करोड़ों में)

क्र० सं०	परियोजना का नाम	कुल लागत		शुरू की तारीख	समाप्ति की तारीख	हिस्सेदारी पद्धति		कुल व्यय 31-3-2010 तक	कुल प्रतिपूर्ति प्राप्तियां 31.03. 2010 तक	वर्ष 2010-11 के लिए आवंटन	वर्ष 2010-11 में व्यय 31.3.2011 तक	वर्ष 2010-11 के लिए प्रतिपूर्ति लक्ष्य	वर्ष 2010-11 में प्रतिपूर्तिया 31.03.11 तक	
		मूल	संशोधित			बाह्य सहायता प्रतिशतता	राज्य हिस्से-दारी की प्रतिशतता						दाखिल/दायर	प्राप्तियाँ
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	विश्व बैंक सहायता प्राप्त हि०प्र० स्टेट रोड प्रोजैक्ट	1365.43	1365.43	07/2007	12/2012	72.50	27.50	273.99	84.16	115.00	212.71	70.00	101.09	101.09
2	विश्व बैंक सहायता प्राप्त हिमाचल प्रदेश मध्य हिमालयन जलागम विकास परियोजना ।	365.00[#]	365.00	10/2005	03/2013	80.00	20.00	190.01	139.13	60.00	60.00	48.00	60.29	60.29
3	जे०आई०सी०ए० सहायता प्राप्त स्वां नदी एकीकृत जलागम प्रबन्धन परियोजना ।	160.00	160.00	03/2006	03/2014	85.00	15.00	45.79	41.63	30.00	30.00	25.00	26.03	25.11
4	विश्व बैंक सहायता प्राप्त हाईड्रोलोजी परियोजना-11	49.50	49.50	04/2006	06/2012	77.76	22.24	15.71	10.76	13.50	8.23	10.50	5.87	4.37
5	एशियन विकास बैंक सहायता से हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अधोसरंचना विकास निवेश कार्यक्रम ।	428.22	428.22	2010	2014	70.00	30.00	-	-	-	-	-	-	-
6	जे०आई०सी०ए० सहायता प्राप्त हि०प्र० फसल विविधीकरण उन्नत परियोजना ।	321.00	321.00	2011	2017	85.00	15.00	-	-	-	-	-	-	-
क	**Total (1-4)**	**2689.15**	**2689.15**					**525.50**	**275.68**	**218.50**	**310.94**	**153.50**	**193.28**	**190.86**
	एशियन डवैलपमैंट बैंक सहायता प्राप्त पावर प्रोजैक्ट्स													
1	सावड़ा कुडडू एच.ई.पी. (111 मेगावाट)	728.00	1181.91	02.10.09	03/2014			465.11	48.05		147.88		84.11	81.40
2	एकीकृत काशंग (स्टेज-1) एच.ई.पी. (65 मेगावाट) (स्टेज-11 एवं 111) एच.ई.पी. (130 मेगावाट)	1939.00	1939.00	3.3. 09	1/ 2013 Stage-I & 12/ 2013 Stage II & III			305.28	21.91		129.00	120.00	32.82	23.64
3	सैंज एच.ई.पी. (100 मेगावाट)	765.00	802.96	-	4/2014	53.3:16.7	30.00	100.81	32.32	190.00**	77.51		32.32	0.00
4	शांगटांग कड़छम एच.ई.पी. (402 मेगावाट)	2750.00	2750.00	Loan yet to be signed	3/2015			28.63			15.18		0.00	0.00
5	केपेसिटी डवैलपमैंट*	45.00	45.00	-	-	100.00	0.00	1.50	1.16		-		0	0
ब	**कुल – पॉवर प्रोजैक्ट्स (1-5)**	**6227.00**	**6718.87**					**901.33**	**103.44**	**190.00**	**369.57**	**120.00**	**149.25**	**105.04**
	कुल योग (क+ब)	**8916.15**	**9408.02**					**1426.83**	**379.12**	**408.50**	**680.51**	**273.50**	**342.53**	**295.90**

* **Capacity Development is 100% Externally Aided.**

** In addition to the provision of ₹ 190.00 crore and there is a provision of ₹ 100.00 crore as equity participation during the financial year 2010-11.

\# **₹337.50 crores will be shared by World Bank and GoHP in the ratio of 80:20. ₹ 27.50 crore is the projected beneficiary share.**

अनुबनध-“ब”

बाह्‌य सहायता परियोजनाएं जो पाईपलाईन में है ।

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	विभाग का नाम	डोनर एजैंसी का नाम	कुल अनुमानित लागत (₹ करोड़ों में)	टिप्पणीयाँ
1	2	3	4	5	6
1.	बायो–कार्बन परियोजना	वन	विश्व बैंक	₹ 72.50	पाईपलाईन में है ।
2.	पर्यावरणीय सत्त जीविका हेतु विकास योजना	पर्यावरण, विज्ञान एवं तकनीकी विभाग	विश्व बैंक	₹ 900.00 (यू0एस0 $ 200.00 मिलियन)	परियोजना अगले वित्तीय वर्ष 2011–12 से क्रियान्वित की जानी प्रस्तावित है ।
3.	हि0प्र0 में शहरी विकास के लिए इनवेस्टमैंट प्लान (अधोसंरचना अन्तर को समाप्त करने के तकनीकी सहायता) ।	शहरी विकास विभाग	एशियन डवैलपमैंट बैंक	₹ 675.00-900.00 (यू0एस0 $ 150.00-200.00 मिलियन)	पाईपलाईन में है ।
4.	पब्बर नदी से शिमला शहर के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु ग्रेवेटी परियोजना ।	सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग	विश्व बैंक	₹ 1417.00	पाईपलाईन में है ।
5.	अधोसंरचना विकास के अन्तर्गत ग्रामीण आजीविका बढ़ौतरी के लिए परियोजना प्रबन्धन के सामर्थ्य विकास के लिए तकनीकी सहायता ।	पर्यटन एवं नागरिक उडडयन विभाग	एशियन डवैलपमैंट बैंक	₹ 5.40	पाईपलाईन में है ।

VIII. नाबार्ड–ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि (आर.आई.डी.एफ.) प्रभागः

वर्ष 1995–96 का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए केन्द्रीय वित मन्त्री ने ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि की घोषणा करते हुए कहा था कि नाबार्ड राज्य सरकारों के आधारभूत संरचना जुटाने के लिए विभिन्न मदों जैसे मध्यम तथा लघु सिंचाई, भू–संरक्षण तथा अन्य ग्रामीण मूलभूत परियोजनाओं जिसमें ग्रामीण सड़कें, मार्किट यार्ड इत्यादि के लिए ऋण उपलब्ध करवाएगा । आरम्भ में यह योजना आर.आई.डी.एफ–1 के अन्तर्गत चालू स्कीमों को पूर्ण करने के लिए थी जिसमें नाबार्ड से 50 प्रतिशत ऋण सहायता उपलब्ध किए जाने का प्रावधान था । इसके सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के फलस्वरूप इस योजना को आर.आई.डी.एफ. II, III, IV,V, VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XIII, XIV, XV तथा XVI के अन्तर्गत भी जारी रखा गया है तथा इसकी ऋण सहायता राशि को भी 90/95 प्रतिशत बढ़ा दिया गया ।

राज्य सरकार नाबार्ड से आर0 आई0 डी0 एफ0 के अन्तर्गत अनेक प्रकार के विकासात्मक गतिविधियों के लिए ऋण प्राप्त कर सकती है । कुछ एक मुख्य विकासात्मक गतिविधियां जिन के लिए प्रदेश सरकार ने नाबार्ड से परियोजनाऐं अनुमोदित करवाई है या ऋण सहायता के लिए भेजी हैं, का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :–

1. सड़कों एवं पुलों का निर्माण ।
2. सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण ।
3. बाढ़ नियंत्राण कार्यो का निर्माण ।
4. पेयजल परियोजनाओं का निर्माण ।
5. प्राथमिक पाठशालाओं के भवन का निर्माण ‘‘सरस्वती बाल विद्या संकल्प परियोजना’’
6. नागरिक सूचना केन्द्रों की स्थापना ।
7. ई–अभिशासन (E-Governance) ।
8. वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण ।
9. जल प्रवाह विकास योजना ।
10. पशु स्वास्थ्य के लिए अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण ।
11. Precision Farming पद्धति अपनाकर नकदी फसलों का उत्पादन परियोजना (पोलीहाऊस एवं लघु सिंचाई) ।
12. लघु सिंचाई एवं सम्बन्धित संरचना द्वारा कृषि का विविधीकरण परियोजना ।

नाबार्ड द्वारा दिनांक 31-03-2011 तक प्रदेश सरकार को ₹ 3104.11 करोड़ के विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऋण सहायता के रूप में स्वीकृत की जा चुकी है । जिसका कार्यक्रमवार विवरण निम्नलिखित है :-

(₹ करोड़ में)

ट्रांच विवरण	**कार्यक्रम की अवधि**	**स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या**	**नाबार्ड ऋण सहायता**	**राज्य अंशदान**	**कुल स्वीकृत राशि**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
आर.आई.डी.एफ -I	1995-96 से 1997-98	77	14.23	4.90	19.13
आर.आई.डी.एफ -II	1996-97 से 1998-99	66	52.96	6.32	59.28
आर.आई.डी.एफ -III	1997-98 से 1999-2000	28	51.12	5.12	56.24
आर.आई.डी.एफ -IV	1998-99 से 2000-01	66	87.81	3.48	91.29
आर.आई.डी.एफ -V	1999-2000 से 2001-02	680	110.36	6.80	117.16
आर.आई.डी.एफ -VI	2000-01 से 2002-03	1053	127.20	10.15	137.35
आर.आई.डी.एफ-VII	2001-02 से 2003-04	325	168.24	8.90	177.14
आर.आई.डी.एफ-VIII	2002-03 से 2004-05	237	169.29	13.80	183.09
आर.आई.डी.एफ -IX	2003-04 से 2005-06	182	141.70	19.35	161.05
आर.आई.डी.एफ -X	2004-05 से 2006-07	146	91.64	9.96	101.60
आर.आई.डी.एफ -XI	2005-06 से 2007-08	266	224.67	29.73	254.40
आर.आई.डी.एफ-XII	2006-07 से 2008-09	382	273.48	36.42	309.90
आर.आई.डी.एफ-XIII	2007-08 से 2010-11	369	299.26	34.99	334.25
आर.आई.डी.एफ-XIV	2008-09 से 2011-12	137	425.12	28.15	453.27
आर.आई.डी.एफ-XV	2009-10 से 2012-13	223	454.13	36.98	491.11
आर.आई.डी.एफ-XVI	2010-11 से 2013-14 (31.03.2011 तक)	187	412.90	38.13	451.23
	कुल योगः (I से XVI)	**4424**	**3104.11**	**293.18**	**3397.49**

दिनांक 31-03-2011 तक उपरोक्त स्वीकृत राशि की तुलना में प्रदेश सरकार ने ₹ 2014.95 करोड़ की ऋण राशि नाबार्ड से प्राप्त कर ली है जिसका विवरण निम्न तालिका में है :-

(₹ करोड़ में)

कार्यक्रम	**स्वीकृत ऋण राशि**	**प्राप्त की गई राशि**			**प्रतिशतता**
		1995-96 से 2009-10	**2010-11 (31-03-2011 तक)**	**कुल**	
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
आर.आई.डी.एफ -I	14.23	14.23	0.00	14.23	100.00
आर.आई.डी.एफ -II	52.96	52.84	0.00	52.84	99.77
आर.आई.डी.एफ -III	51.12	49.43	0.00	49.43	96.69
आर.आई.डी.एफ -IV	87.81	79.14	0.00	79.14	90.13
आर.आई.डी.एफ -V	110.36	108.09	0.00	108.09	97.94
आर.आई.डी.एफ -VI	127.20	127.88	0.00	127.88	100.53*
आर.आई.डी.एफ-VII	168.24	174.79	0.00	174.79	103.89*
आर.आई.डी.एफ-VIII	169.29	154.00	0.00	154.00	90.97
आर.आई.डी.एफ -IX	141.70	111.59	0.00	111.59	78.75
आर.आई.डी.एफ -X	91.64	77.17	1.65	78.82	86.01
आर.आई.डी.एफ -XI	224.67	177.18	16.98	194.16	86.42
आर.आई.डी.एफ-XII	273.48	167.94	34.61	202.55	74.06
आर.आई.डी.एफ-XIII	299.26	117.03	41.88	158.91	53.10
आर.आई.डी.एफ-XIV	425.12	163.32	57.18	220.50	51.87
आर.आई.डी.एफ-XV	454.13	140.32	29.96	170.28	37.50
आर.आई.डी.एफ-XVI (17.01.11 तक)	290.93	0.00	117.74	117.74	28.52
कुल	**2982.14**	**1714.95**	**300.00**	**2014.95**	**64.91**

* वितरित ऋण राशि, स्वीकृत ऋण राशि से इसलिए अधिक है क्योंकि पूर्व में जारी अग्रिम को भविष्य में आहरण की गई राशि में समायोजित नहीं किया गया है ।

वर्ष 1995-96 से 2010-11 तक वर्षवार आर0आई0डी0एफ0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति प्राप्तियों का ब्यौरा :

वर्ष	प्रतिपूर्ति प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में)
1995-96	1.60
1996-97	5.31
1997-98	35.44
1998-99	40.65
1999-00	56.01
2000-01	106.91
2001-02	116.44
2002-03	141.58
2003-04	142.35
2004-05	83.17
2005-06	125.09
2006-07	140.38
2007-08	200.00
2008-09	220.00
2009-10	300.00
2010-11	300.00

नाबार्ड ऋण के अन्तर्गत लक्ष्य एवं प्राप्तियाँ (2006-07 से 2010-11) :

(₹ करोड़ में)

क्रम संख्या	वर्ष / ट्रांच	ऋण स्वीकृत लक्ष्य	उपलब्धियाँ	प्रतिशतता
1.	2006-07 (XII)	277.00	273.48	98.73
2.	2007-08 (XIII)	298.00	299.26	100.42
3.	2008-09 (XIV)	406.00	425.12	104.71
4.	2009-10 (XV)	398.00	454.50	114.20
5.	2010-11 (XVI)	400.00 (एचपीसी द्वारा अनुमोदित) (560.00-नाबार्ड)	412.90	103.22

प्रदेश सरकार ने इस कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना / स्कीमों को चुनने, अनुमोदन तथा समीक्षा किए जाने हेतु योजना विभाग को नोडल विभाग घोषित किया है ।

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान आर0आई0डी0एफ0 कार्यक्रम के अन्तर्गत नाबार्ड सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा हेतु आयोजित बैठकों का ब्यौरा :-

क्रम संख्या	**बैठक का नाम**	**बैठक की तिथि एवं स्थान**	**बैठक की अध्यक्षता**
1.	2.	3.	4.
1.	आर0आई0डी0एफ0 की 35वीं उच्च स्तरीय बैठक	29-6-2010 शिमला-2	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
2.	आर0आई0डी0एफ0-12 के अन्तर्गत पशुपालन विभाग के संस्थानों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ।	5-8-2010 शिमला-2	सलाहकार (योजना) हिमाचल प्रदेश ।
3.	आर0आई0डी0एफ0 की आन्तरिक समीक्षा बैठक ।	16-8-2010 शिमला-2	प्रधान सचिव, (योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार ।
4.	आर0आई0डी0एफ0 की 36वीं उच्च स्तरीय बैठक ।	28-9-2010 शिमला-2	मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
5.	आर0आई0डी0एफ0 की आन्तरिक समीक्षा बैठक ।	23-12-2010 शिमला-2	प्रधान सचिव, (योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार ।

IX. 20-सूत्रीय कार्यक्रम प्रभागः

नया बीस सूत्रीय कार्यक्रम-2006

वर्ष 2007 से बीस सूत्रीय कार्यक्रम के समन्वय, समीक्षा, अनुश्रवण तथा प्रगति प्रतिवेदन हेतू योजना विभाग को Nodal विभाग घोषित किया गया है । वर्ष 2009-10 में बीस सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन में राज्यों के श्रेणीकरण में प्रदेश का प्रथम स्थान रहा हे ।

2. योजना विभाग द्वारा सत्त समीक्षा के परिणामस्वरूप इस प्रदेश का बीस सूत्रीय कार्यक्रम के निष्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। उक्त कार्यक्रम की समीक्षा समय-समय पर मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाती है। वर्ष 2011-12 में दिनांक 17 सितम्बर, 27 नवम्बर तथा 15 जनवरी, 2011 को समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया । पिछली बैठक में माह अप्रैल, 2010 से दिसम्बर, 2010 तक की उपलब्धियों पर चर्चा की गई । श्रेणीकरण की सभी 16 मदो पर उपलब्धि **बहुत अच्छी** रही ।

3. बीस सूत्रीय कार्यक्रम के निष्पादन में विभिन्न ज़िलों में प्रतिस्पर्धा लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने वर्ष 2009-10 से अन्तर ज़िला श्रेणी विश्लेषण शुरू किया है । तीन उच्च निष्पादन वाले ज़िलों के लिये 1.00 करोड़ रू. की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान भी किया गया है । प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर उत्कृष्ठ निष्पादन वाले ज़िलों को क्रमशः 50 लाख रूपये, 30 लाख रूपये तथा 20 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है । वर्ष 2009-10 में अन्तर ज़िला विश्लेषण में बिलासपुर, कांगड़ा, मण्डी तथा ऊना सभी ज़िलों के प्रथम स्थान पर रहने पर 1.00 करोड़ रू. की प्रोत्साहन राशि समान भाग में इन ज़िलों में बांटी गई । माह अप्रैल 2010 से अक्तूबर 2010 के

लिए अन्तर ज़िला विशलेषण के आधार पर सभी ज़िलों में हमीरपुर तथा चम्बा ज़िलों को उच्च श्रेणी में आंका गया, जबकि ज़िला कांगड़ा तथा मण्डी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ ।

4. बीस सूत्रीय कार्यक्रम-2006 के विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं तथा राज्य योजना विभाग की वैब-साईट www.hpplanning.nic.in में डाले गये हैं । मासिक अनुश्रवण वाली मदों के लिए सभी विभागों के सभी प्रतिवेदन मदों का चयन किया गया है तथा उन्हें योजना विभाग की वैब साईट पर डाला गया है ।

X. रेलवे प्रभागः

वर्ष 2010-11 के दौरान रेलवे प्रभाग ने हिमाचल में रेल विस्तार के लिये निम्न कार्यवाही की :

1. नंगल तलवाड़ा ब्रॉडबेज़ रेल लाईन :

क. नंगल-तलवाड़ा रेल लाईन की लम्बाई हिमाचल प्रदेश में 56 कि.मी. है । वर्ष 2010-11 के अन्तर्गत चूरडू टकराला से अम्ब-अन्दौरा तक रेल लाईन बिछा दी गई है । जो कि रेल यातायात के लिये तैयार है तथा शीघ्र ही इस सैक्शन को रेल यातायात के लिये खोल दिया जायेगा ।

ख. अम्ब अन्दौरा से दौलतपुर चौंक सैक्शन के लिये भू-अधिग्रहण अधिनियम की धारा-4 के अन्तर्गत 12 गाँवों की अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं जिनमें से अधिनियम-1894 की धारा-6 एवं 7 के अन्तर्गत 7 गाँवों की अधिसूचनाएं भी जारी कर दी गई हैं तथा बाकी गाँवों के भू-अर्जन का कार्य प्रगति पर है ।

ग. राज्य सरकार द्वारा 5 गाँवों के अवार्ड को वितरित करने के लिये अनुमति प्रदान कर दी गई है ।

2. भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी ब्रॉडगेज़ रेल लाईन :

क. भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी ब्रॉडबेज़ रेल लाईन की लम्बाई 63 कि.मी. है । इस रेल लाईन की प्रथम 20 कि.मी. की लम्बाई में 25 गाँव आते हैं जिसमें से 14 गाँव पंजाब में और 11 गाँव बिलासपुर हिमाचल प्रदेश में पड़ते हैं ।

ख. भू-अधिग्रहण अधिनियम-1894 की धारा-4 के अन्तर्गत प्रथम 20 कि.मी. में आने वाले 25 गाँवों की अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं ।

ग. राज्य सरकार ने योजना आयोग तथा रेलवे मंत्रालय से इस रेल लाईन को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तथा सीमा क्षेत्रों तक रक्षा सम्बन्धी उपकरण एवं मशीनरी ले जाने तथा राज्य की अर्थ-व्यवस्था के उत्थान हेतु लेह-लद्दाख तक विस्तार करने का आग्रह किया गया है ।

3. पठानकोट–जोगिन्द्रनगर नैरोगेज़ रेल लाईन को ब्रॉडगेज़ रेल लाईन में परिवर्तित करने बारे तथा इसका विस्तार वाया मण्डी लेह–लद्दाख तक करने के सम्बन्ध में :

राज्य सरकार ने रेलवे मंत्रालय से पठानकोट–जोगिन्द्रनगर नैरोगेज़ रेल लाईन को ब्रॉडगेज़ रेल लाईन में परिवर्तित करने बारे तथा इसका विस्तार वाया मण्डी लेह–लद्दाख तक करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव भेजा है क्योंकि यह रेलवे लाईन सामरिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है एवं भारत चीन सीमा में लेह–लद्दाख क्षेत्र में तैनात सैनिकों के लिये बिना किसी रूकावट के तथा समय पर राशन व उपकरण इत्यादि पहुंचाने में यह बहुत लाभदायक सिद्ध होगी ।

4. बद्दी–कालका रेल लाईन :

राज्य सरकार ने रेलवे मंत्रालय से इस रेलवे लाईन का सर्वे करने का मामला उठाया है तथा अनुरोध किया है कि इस रेलवे लाईन का सर्वे बद्दी बरोटीवाला–नालागढ़ क्षेत्र में स्थापित एवं आनें वाले उद्योगों/शैक्षणिक हब और कमर्शियल कम्पलैक्स होने के कारण शीघ्र पूरा किया जाये ।

5. घनौली–देहरादून वाया नालागढ़ जगाधरी–सूरजपुर–कालाअम्ब– पांवटासाहिब रेल लाईनः

रेल मंत्रालय ने अपने रेलवे बजट 2010–11 में नई रेलवे लाईन सर्वे के अन्तर्गत इस रेल लाईन को शामिल किया है । राज्य सरकार के आग्रह पर रेल मंत्रालय ने इस रेल लाईन तथा अन्य पांच नई प्रस्तावित रेल लाईनों के सर्वे हेतु आधारभूत सूचना मांगी है, जो कि राज्य सरकार द्वारा उत्तरी रेलवे, नई दिल्ली को भेजी गई है ।

XI. मूल्यांकन प्रभागः

